भागीरथी बाल शिक्षा सदन सै० स्कूल

कक्षा – VI

विषय – संस्कृत (व्याकरण)

सत्र – 2020-21

# पाठ-2 संस्कृत - वर्णमाला

**वर्ण !-** वह छोटी से ध्वनि जिसके टुकड़े न हो सकें। तथा वर्णों के समूह को वर्णमाला कहते हैं। वर्ण दो प्रकार के हैं – स्वर, व्यंजन।

**वर्ण (48)**

- (13) स्वर
  - (5) ह्रस्वस्वर – अ, इ, उ, ऋ, लृ
  - (4) दीर्घस्वर – आ, ई, ऊ, ॠ,
  - (4) संयुक्त स्वर – ए, ऐ, ओ, औ
- (33) व्यंजन
  - वर्गीय व्यंजन (स्पर्शव्यंजन) (25)
    - कवर्ग – क्, ख्, ग्, घ्, ङ्
    - चवर्ग – च्, छ्, ज्, झ्, ञ्
    - टवर्ग – ट्, ठ्, ड्, ढ्, ण्
    - तवर्ग – त्, थ्, द्, ध्, न्
    - पवर्ग – प्, फ्, ब्, भ्, म्
  - अवर्गीय व्यंजन (8)
    - (4) अन्तस्थ: व्यंजन – य्, र्, ल्, व्
    - (4) ऊष्म व्यंजन – श्, ष्, स्, ह्

**अयोगवाह !-** ये न स्वर होते हैं और न व्यंजन इन्हें स्वरों तथा व्यंजनो के साथ जोड़कर लिखा जाता है। ये दो होते हैं।

(1) अनुस्वार ( ं ) (2) विसर्ग ( : )

**संयुक्त व्यंजन !-** दो व्यंजनो के मेल से बनने वाले व्यंजन संयुक्त व्यंजन कहलाते हैं। जैसे –

त् + र् + अ = त्र (पत्र, मित्र आदि)

क् + ष् + अ = क्ष (कक्षा, परीक्षा, आदि)

Scanned with CamScanner

गृह-कार्य

प्र० - 7, 8 और 9 कापी में करें।

7. **रिक्तस्थानानि पूरयत।** 1 × 5 = 5

(रिक्त स्थान भरिए। Fill in the blanks.)

1. अंतःस्थ = य्, ......र्......, ......ल्...... व्।
2. पवर्ग = प्, ......फ्......, ......ब्......, ......भ्...... , म्।
3. चवर्ग = ............... , छ, ............... , ............... , ञ्।
4. ह्रस्व स्वर = अ, ............... , उ ............... , ...............।
5. टवर्ग = ट्, ............... , ड्, ............... , ण्।

8. **वर्णसंयोजनं कृत्वा शब्दं लिखत।** 1 × 5 = 5

(वर्ण जोड़कर शब्द लिखिए। Join the letters and write the forms.)

1. ल् + अ + त् + आ = ......लता......।
2. छ् + अ + त् + र् + अ + म् = ...............................।
3. म् + अ + य् + ऊ + र् + अ + : = ...............................।
4. ब् + आ + ल् + अ + क् + अ + : = ...............................।
5. क् + अ + म् + अ + ल् + अ + म् = ...............................।

9. **वर्गानां वर्णान् यथाक्रमं लिखत।** 1 × 5 = 5

(वर्गों के इन वर्णों को क्रमानुसार लिखिए। Write these letters in their serial-orders.)

1. कवर्ग = क् घ् ग् ङ् ख् = ......क्, ख्, ग्, घ्, ङ्......।
2. चवर्ग = छ् ज् च् ञ् झ् = ...............................।
3. टवर्ग = ठ् ट् ढ् ड् ण् = ...............................।
4. तवर्ग = द् थ् त् न् ध् = ...............................।
5. पवर्ग = फ् ब् भ् प् म् = ...............................।

Scanned with CamScanner